CAREERINDIA

# ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**

**Malleshwaram, Bengaluru – 560 003**

## 2024-25ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ-1

## S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER-1 : 2024-25

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ (NCERT SYLLABUS)

## Subject : Third Language — HINDI (NCERT SYLLABUS)

**ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60-H** **Subject Code : 60-H**

ಸಮಯ : 3 ಗಂಟೆ ] [ Time : 3 Hours

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80** ] [ Max. Marks : **80**

---

*परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** **8 × 1 = 8**

1. 'भय' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) निर्भय (B) भयभीत

   (C) धैर्य (D) सुभय

2. 'नेत्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

   (A) आँसू (B) अंग

   (C) आँख (D) देख

3. निम्नलिखित शब्दों में 'बहुवचन' रूपी शब्द है –

   (A) घोड़े (B) चींटी

   (C) टुकड़ा (D) रोटी

4. सच बताओ तुम कौन हो ? वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

   (A) पूर्ण विराम (B) अल्प विराम

   (C) विस्मयादि बोधक (D) प्रश्नवाचक

5. 'घनानंद' शब्द में संधि है –

   (A) गुण (B) दीर्घ

   (C) अयादि (D) यण्

www.careerindia.com

CAREERINDIA



6. निम्नलिखित में से द्वंद्व समास का उदाहरण है –

(A) पीतांबर (B) माता–पिता

(C) पंचवटी (D) नीलकंठ

7. मैं किसी ............ मुसीबत नहीं हूँ – रिक्त स्थान के लिए उचित कारक चिह्न है –

(A) से (B) के लिए

(C) में (D) ने

8. निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यययुक्त शब्द है –

(A) असत्य (B) दैनिक

(C) बेहोश (D) अनुशासन

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4**

| अ | ब |
|---|---|
| 9. आसिफ़ उद्दौला का भाई | a) शरीर–चर्म |
| 10. 26 जनवरी 1931 | b) वज़ीर अली |
| 11. कर्ण | c) सआदत अली |
| 12. मीरा | d) गांधीजी का जन्म |
| | e) कलकत्तावासियों के लिए अहम् दिन |
| | f) राम भक्ति |
| | g) कृष्ण के चाकर |

www.careerindia.com

CAREERINDIA



**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 × 1 = 4**

13. बड़े भाई साहब छोटे भाई से हर समय पहला सवाल क्या पूछते थे ?

14. लेखक निदा फ़ाज़ली का घर किस शहर में था ?

15. तोप को कहाँ रखा गया था ?

16. 'आत्मत्राण' कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16**

17. शैलेंद्र के अनुसार कलाकार के कर्तव्य क्या-क्या हैं ?

18. समुद्र अपना गुस्सा किस तरह प्रकट किया ?

19. सवार जाने के बाद कर्नल क्यों हक्का-बक्का रह गया ?

20. मैथिलीशरण गुप्त के अनुसार "उदार व्यक्ति" की पहचान बताइए ।

21. कवि पंत के अनुसार "शाल के वृक्ष" क्यों भयभीत हो गए थे ?

22. 'आत्मत्राण' कविता में कवि सहायक के न मिलने पर क्या प्रार्थना करता है ?

23. हरिहर काका के गाँव का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

**अथवा**

हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ?

24. हेडमास्टर शर्मा जी ने पीटी साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?

**अथवा**

पूरे घर में इफ़्फ़न को अपनी दादी से ही विशेष स्नेह क्यों था ?

www.careerindia.com

CAREERINDIA



V. **क) निम्नलिखित के आशय / भाव स्पष्ट कीजिए : 9 × 3 = 27**

25. व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती, उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है।

26. समाज के पास अगर शाश्वत मूल्यों जैसा कुछ है तो वह आदर्शवादी लोगों का ही दिया हुआ है ।

27. साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई

फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया ।

**ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**

28. बड़े भाई की स्वभावगत विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

29. 'आज जो बात थी वह निराली थी' – लेखक सेकसरिया के विचारों पर स्पष्ट कीजिए ।

30. कवि के मत में तालाब और दर्पण की समानता पर प्रकाश डालिए ।

31. विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी सँभाल क्यों होती है ? स्पष्ट कीजिए ।

32. **निम्नलिखित पद्य भाग का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

हरि आप हरो जन री भीर ।

द्रौपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर ।

भगत कारण रूप नरहरि, धर्‌यो आप सरीर ।

बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर ।

दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर ।।

www.careerindia.com

CAREERINDIA



33. **निम्नलिखित गद्यांश को कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

रवींद्रनाथ ठाकुर जी का जन्म 6 मई 1861 में हुआ । ठाकुर जी नोबेल पुरस्कार पानेवाले पहले भारतीय हैं । उनकी शिक्षा घर पर ही हुई ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2 × 4 = 8**

34. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ? विवरण दीजिए ।

**अथवा**

निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों के विश्वास पर प्रकाश डालिए ।

35. **निम्नलिखित पद्य भाग पूर्ण कीजिए :**

जब मैं ..................................................

.............................................. माँहि ।।

**VII.** 36. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4**

नागालैंड असम के पूर्व और मणिपुर के उत्तर में स्थित है । इसका भू-प्रदेश पर्वतीय है । यहाँ वर्षा भी काफ़ी होती है, जिसके फलस्वरूप पहाड़ों पर सीढ़ीनुमा खेतों में अच्छी उपज होती है । यहाँ के लोग प्रकृति की तरह मोहक हैं । इनका शरीर स्वस्थ, सुडौल और ताम्र वर्ण का

www.careerindia.com

CAREERINDIA



होता है । नागा लोग कई उपजातियों में बँटे हुए हैं, जिनमें कीन्याक, सेमा, लोया, आओ और अंगामी प्रमुख हैं । इन उपजातियों के रीति-रिवाज़ों में काफ़ी अंतर है ।

**प्रश्न :**

अ) नागालैंड का भू-प्रदेश कैसा है ?

आ) नागालैंड के खेतों में अच्छी उपज क्यों होती है ?

इ) नागा लोगों का शरीर कैसा होता है ?

ई) नागा लोग किन-किन उपजातियों में बँटे हुए हैं ?

**VIII.** 37. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 - 15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1 × 4 = 4**

**क) पर्यावरण प्रदूषण**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ प्रदूषण के प्रकार एवं कारण
* ✳ परिहारोपाय
* ✳ उपसंहार

**ख) गणतंत्र दिवस**

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ गणतंत्र दिवस का महत्व
* ✳ आचरण
* ✳ उपसंहार

www.careerindia.com

CAREERINDIA



ग) पुस्तकालय

* प्रस्तावना
* महत्व
* लाभ
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्टी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा के लिए अपने पिताजी से 5,000/- रुपये और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए ।

www.careerindia.com